Title : Need to attach additional bogies in Vaishali Expres from Gorakhpur.

(viii) Need to attach additional bogies in Vaishali Express from Gorakhpur

*m01

श्री हरिकेवल प्रसाद (सलेमपुर) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, गोरखपुर से दिल्ली जाने हेतु एवं दिल्ली से गोरखपुर के लिए पूर्व में वैशाली रेल सेवा में कई बोगियां लगती थीं, जिससे गोरखपुर और उत्तर प्रदेश एवं बिहार से सटे कई जिलों के लोगों को बहुत ही सुविधा मिलती थी, जिसकी वजह से बिहार और उत्तर प्रदेश के लोगों में यह रेल सेवा बहुत ही लोकप्रिय थी।

अब इन अतिरिक्त बोगियों को वैशाली रेल सेवा में नहीं जोड़ा जाता है, जिसके कारण पूर्वांचल और उत्तर प्रदेश से सटे बिहार के लोगों को दिल्ली आने और दिल्ली से वापस जाने हेतु आरक्षण नहीं मिल पा रहा है। इसमें गोरखपुर और इसके आस-पास के जिलों के लोगों को दिल्ली और गोरखपुर आने-जाने में बहुत ही परेशानी उठानी पड़ रही है। इस समस्या के समाधान हेतु वैशाली रेल सेवा में पूर्व की तरह गोरखपुर से दिल्ली के लिए और दिल्ली से गोरखपुर के लिए अतिरिक्त बोगियां लगाई जाएं। अगर यह कार्य संभव नहीं है तो दिल्ली-गोरखपुर एवं गोरखपुर से दिल्ली वाया लखनऊ होकर एक नई रेल सेवा शुरू की जाए।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त सुझावों को लागू करने के लिए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निर्देश दिए जाएं।